Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनलाय,छत्तीसगढ़

(कौशिल्य भवन परिसर,बैरन बाज़ार,रायपुर)
Ph:0771-2331317, Fax:0771-2422627, email: deshq.cg@gmail.com

क्रमांक 1406/2015/आसांसं रायपुर, दिनांकः-22/05/2015

प्रति,
उपसंचालक/
समस्त जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी
जिला .... छ. ग. ।

विषयः- तेरहवें वित्त आयोग के अंतर्गत नियुक्त 197 संविदा कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपयोगिता हेतु कार्यनीति तैयार करने बाबत ।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि वर्ष 2010-2015 में तेरहवें वित्त आयोग के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों कि पूर्ति करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में 282 संविदा कर्मचारियों कि नियुक्ति का प्रावधान किया गया था जिनमें से 197 पदों पर संविदा कर्मचारियों की भर्ती कि गयी।

जिलों में तेरहवें वित्त आयोग के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा करने के पश्चात यह पाया गाया की निर्धारित लक्ष्यों का शत-प्रतिशत सम्पादन नहीं हो पाया है, अतएव तेरहवें वित्त आयोग के अंतर्गत भरे गए 197 संविदा कर्मचारियों को पुनः एक वर्ष के लिए निरंतर करने का निर्णय लिया गया ।

वर्तमान में 27 जिलों मे कार्यों की आवश्यकता को देखते हुए इन संविदा कर्मचारियों का जिलों में पुनः वितरण किया गया है। तेरहवें वित्त आयोग के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की समीक्षा करने पर यह पाया गया की इन संविदा कर्मचारियों को जिस कार्य के लिए रखा गया था उस कार्य के लिए उनका पूर्णतया उपयोग नहीं किया गया जिसके दो कारण नज़र आए-

1. इन संविदा कर्मचारियों की कार्यक्षमता का शत-प्रतिशत उपयोग नहीं किया गया ।
2. इन संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति जिन तेरहवें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए की गयी थी उन गतिविधियों का सम्पूर्ण सम्पादन न कर इनके द्वारा अन्य विभागीय कार्यों का भी सम्पादन कराया गया ।

उक्त कारणों से TFC द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा से पूर्ण नहीं कर पाए जिसके कारण केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन नई दिल्ली में हमारे राज्य की छवि में गिरावट आई है ।

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर पायी गयी त्रुटियों को ध्यान मे रखते हुए तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए इन संविदा कर्मचारियों की कार्यक्षमता का शत-प्रतिशत उपयोग करने हेतु कार्यनीति निम्न बिन्दुओ पर आधारित होगी :-

1. समस्त संविदा कर्मचारियों का वेतन संचालनालय से अनुमोदन उपरांत ही आहरण किया जवेगा।

2. कार्य प्रगति का प्रतिवेदन प्रतिमाह के अन्त में संचालनालय की website (PAR) में अथवा संचालनालय के E-Mail deshqcg@gmail.com पर भेजें, जिसकी ज़िम्मेदारी सांख्यिकीय पर्यवेक्षक की होगी ।

3. संविदा कर्मचारियों का कार्याबंटन TFC के शेष लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से उपसंचालक/ जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किया जवेगा जिसकी प्रति संचालनालय में दिनांक 23.5.2015 तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

4. TFC के अनुषंषित शेष लक्ष्यों की प्राथमिकता इस प्रकार है -

   a.बिज़नस रजिस्टर

   b. स्थानीय निकायों के बजट संकलन एवं विश्लेषण 2011-12 (शत-प्रतिशत), 2012-13 के sample list भेजा जा रहा है |

(**अमिताभ पांडा**)

आयुक्त सह संचालक

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनलाय

रायपुर छ.ग.